टिन का सिपाही

हैन्स क्रिश्चियन एंडरसन

पुनर्कथन: रसेल पुंटर

टिन का सिपाही

हैन्स क्रिश्चियन एंडरसन

पुनर्कथन: रसेल पुंटर

"जन्मदिन मुबारक हो टॉम!" दादाजी ने कहा.

वाह, धन्यवाद!

"बस मैं वही चाहता था," टॉम चिल्लाया,
"टिन के सिपाही!"

दादाजी ने कहा, "पर बेटा!
इनमें से एक सैनिक का
केवल एक ही पैर है."

अटेंशन!

आगे, मार्च!

लेकिंग टॉम को उससे कोई आपत्ति नहीं थी.
वो पूरे दिन उन सैनिकों से खेलता था.

सोते समय वो सैनिकों को वापस उनके
डिब्बे में पैक करके रख देता था.

लेकिन एक दिन, एक पैर वाला
सिपाही कहीं गायब हो गया.

"वो कहाँ गया होगा?" टॉम ने सोचा.

चिंता मत करो.

"कल तक तुम उसे ज़रूर ढूंढ लोगे,"
दादाजी ने कहा.

टॉम के अन्य खिलौने उसके
सोने तक इंतजार करते रहे.

अब खिलौनों के
खेलने की बारी थी.

सैनिकों ने भी खेल में शामिल होने की कोशिश की. लेकिन वे अपने डिब्बे में ही फंसे रहे...

वो खिलौनों के बिल्डिंग-ब्लॉक्स के ढेर के पीछे गिर गया था.

...सिर्फ एक पैर वाले सैनिक को छोड़कर.

लेकिन वो उनके खेल में शामिल नहीं हुआ.

वो कोने में परियों के
महल को घूर रहा था.

वो महल, कभी टॉम की
बहन का होता था.

महल के दरवाजे पर एक पेपर
बैलेरीना गुड़िया खड़ी थी.

वो सुंदर बैलेरीना अपने
एक पैर पर नाच रही थी.

"वो मेरे लिए एक आदर्श पत्नी होगी,"
सैनिक ने सोचा.

अचानक, क्रोधी जैक-इन-द-बॉक्स उछला.

"उसे इस तरह
मत घूरो!"

सिपाही ने उसकी बात अनसुनी की.

वो बैलेरीना को देखकर मुस्कुराया.

वो भी वापस मुस्कुराई.

उससे ईर्ष्यालु जैक-इन-द-बॉक्स

गुस्से से लाल हो गया.

"ज़रा रुको," वो फुसफुसाया.

अगली सुबह, टॉम को अपना
लापता सिपाही मिला.

क्रूर जैक-इन-द-बॉक्स को
वो एक अच्छा मौका लगा.

उसने उसे खिड़की से
टिकाकर खड़ा कर दिया.

जैक-इन-द-बॉक्स ने एक गहरी
सांस ली और जितना हो सका
उतनी जोर से फूंक मारी.

उससे टिन का सिपाही
खिड़की से बाहर जा गिरा...

वो ज़ोर से गिरा ...

बाप रे!

...नीचे सड़क पर जाकर.

"अरे!" सिपाही चिल्लाया.

उसने हिलने की कोशिश की.

लेकिन उसका पैर कहीं फंस गया था.

दो लड़के वहां से भागे.

"देखो!" उनमें से एक चिल्लाया.

"टिन का सिपाही."

"चलो हम उसे एक नाविक में बदल देंगे,"

दूसरे ने सुझाया.

उन्होंने तुरंत पुराने अखबार
से एक छोटी नाव बनाई.

फिर उन्होंने टिन के सिपाही को नाव में खड़ा कर दिया.

फिर नाव को नाले में बहा दिया.

सैनिक की नाव सड़क के साथ-साथ रवाना हुई.

हा हा!

धत्तेरे की!

टिन का सिपाही चाहता
था कि नाव रुक जाए.
मेरा सर
चकरा रहा है!
लेकिन स्थिति और बिगड़ने वाली थी.
आगे एक गड्ढा था.

कागज की नाव नाले में गिर गई.

नाव एक गंदे, बदबूदार सीवर में
छपाक से जाकर गिरी.

"बदबू!" सिपाही चिल्लाया.

फिर वो एक सुरंग के अंदर घुसी.

जैसे ही नाव मुड़ी, एक मोटा
काला चूहा उसके रास्ते में आया.

"मुझे पार करने के लिए एक पैसे
का टैक्स दो!" चूहे ने आदेश दिया.

सिपाही के पास पैसे नहीं थे.

वैसे भी वो रुक नहीं सकता था.

माफ़ करें,
बदबू!

अरे,
वापस आओ!

सिपाही, नाव में आगे और आगे बढ़ता गया.

"क्या मैं बैलेरीना गुड़िया को फिर कभी
देख पाऊंगा?" उसने आश्चर्य किया.

तभी, उसे अपने सामने
दिन का उजाला दिखा.

कुछ सेकंड बाद, नाव
सीवर से बाहर निकली.

फिर नाव....

बचाओ!

... गिरी नदी में जाकर.

टिन का सिपाही सीवर से बाहर निकलकर बेहद खुश था.

लेकिन वो लंबे समय तक खुश नहीं रह पाया.

अब उसकी नाव में एक छेद हो गया था.

अगले ही पल नाव पत्थर की
तरह पानी में डूबने लगी.

लेकिन बात और बिगड़ने वाली थी.

एक बड़ी मछली वहां तैरकर आई.

अरे! वो स्वादिष्ट
लग रहा है.

मछली ने, टिन के सिपाही को,
एक घूंट में निगल लिया.

थोड़ा सख्त है,
लेकिन बुरा नहीं है.

धत्तेरे की!

सिपाही उदास होकर मछली
के पेट में बैठ गया.

लेकिन उसकी किस्मत अच्छी थी.

एक आदमी ने वो मछली पकड़ी.

कितनी सुन्दर मछली है!

वो मछली को बाजार में बेचने ले गया.

टॉम के दादाजी ने वो मछली खरीदी.

दादाजी, रात के खाने के लिए मछली को घर ले गए.

उन्होंने मछली को काटा...

फिर उसमें से टिन का सिपाही गिर पड़ा.

दादाजी, टिन के सिपाही को
टॉम के कमरे में ले गए.

"तुम्हारा स्वागत है, सिपाही!" टॉम चिल्लाया.

टिन के सिपाही को देखकर सारे
खिलौने बेहद खुश हुए...

एक को छोड़कर.

वो एकदम पागल हो गया ....

उसने अपनी स्प्रिंग
ही तोड़ डाली ...

फिर उसने दुबारा
कभी काम नहीं किया.

अगले ही दिन, टिन के सिपाही
ने प्यारी बैलेरीना से शादी की.
उन्होंने सभी खिलौनों को अपनी शोरगुल
वाली पार्टी में आमंत्रित किया.
टॉम के सो जाने के बाद,
खिलौनों ने हुड़दंग मचाया.
व्हूपी!
हा हा!
यिप्पी!

कहानी के बारे में

"स्टेडफ़ास्ट टिन सोल्जर" कहानी पहली बार 1838 में हैंस क्रिश्चियन एंडरसन द्वारा लिखी गई थी. मूल संस्करण का अंत बेहद दुखद था. उसमें टिन का सिपाही और पेपर बैलेरिना एक चिमनी में गिरकर पिघल गए थे. तब केवल अवशेष मे एक दिल के आकार का टीन का टुकड़ा और एक काला सेक्विन ही बचा था.